I/506873/2024

जारी 28/2/2024

जारी 28-02-2024

संख्या- 02/2024/1563/2023/003-15-127-2023 TC

प्रेषक,

आत्म प्रकाश पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान,
लखनऊ।

सतर्कता अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक 28 फरवरी, 2024

विषय:- अनुदान संख्या-082 के लेखाशीर्ष-2070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-104-सतर्कता-04-सतर्कता निदेशालय-46-कम्प्यूटर/साफ्टवेयर के क्रय एवं 58-आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान मद में प्राविधानित धनराशि व्यय हेतु निवर्तन पर रखे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उ0प्र0 सतर्कता अधिष्ठान के पत्र संख्या-स0अ0/अनु-4-पी-104/2023 दिनांक 22.12.2023 एवं पत्र संख्या-स0अ0/अनु-4-पी-105/2023 दिनांक 22.12.2023 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2023-2024 में अनुपूरक मांग के माध्यम से अनुदान संख्या-082 के लेखाशीर्ष-2070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-104-सतर्कता-04-सतर्कता निदेशालय के मानक मद 46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय में प्राविधानित धनराशि रूपया-60.00 लाख (रूपये साठ लाख मात्र) एवं मानक मद 58-आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान में प्राविधानित धनराशि रूपया-15.50 लाख (रूपये पन्द्रह लाख पचास हजार मात्र) अर्थात कुल धनराशि रू0 75.50 लाख(रू0 पचहत्तर लाख पचास हजार मात्र) को निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन निम्नवत अंकित तालिका के अनुसार आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

	अनुदान संख्या	लेखा शीर्षक	मानक मद	धनराशि
1	082	2070001040400 सतर्कता निदेशालय	46 कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	60,00,000 (रुपये साठ लाख मात्र)
2	082	2070001040400 सतर्कता निदेशालय	58 आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान	15,50,000 (रूपये पन्द्रह लाख पचास हजार मात्र)
			कुल योग	**75,50,000 (रू0 पचहत्तर लाख पचास हजार मात्र)**

नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों

(1) निवर्तन पर रखी जा रही धनराशि का वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस 2023-231/2023 दिनांक 17 मार्च, 2023 तथा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-39/2023/बी-2-755/ दस-2023-244/2023 दिनांक 07 दिसम्बर, 2023 तथा इस सम्बन्ध में समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा निर्गत अन्य निर्देशों तथा वित्तीय हस्त पुस्तिका/बजट मैनुअल में अंकित निर्देशों/प्राविधानों का अक्षरश: अनुपालन करते हुए किया जायेगा।

(2) निवर्तन पर रखी जा रही धनराशि का व्यय वास्तविक आवश्यकता के अनुसार किया जायेगा तथा अवशेष/ अप्रयुक्त धनराशि चालू वित्तीय वर्ष में ही दिनांक 31 मार्च 2024 के पूर्व समर्पित करते हुए राजकोष में जमा कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(3) निवर्तन पर रखी जा रही धनराशि के सापेक्ष व्यय की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र निर्धारित प्रारूप पर सक्षम स्तर से प्रतिहस्ताक्षरित कराते हुए महालेखाकार उ0प्र0 तथा वित्त विभाग एवं सतर्कता विभाग को समय से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) निवर्तन पर रखी जा रही धनराशि जिस मद में स्वीकृत की जा रही है , उसका व्यय उसी मद में किया जायेगा। स्वीकृत मद से अन्य मद में धनराशि व्यय करने के पूर्व अनिवार्य रूप से वित्तीय नियमों के अन्तर्गत शासन एवं वित्त विभाग का पूर्व अनुमोदन प्राप्त कर लिया जायेगा।

(5) निवर्तन पर रखी जा रही धनराशि के व्यय में व्यय प्रबंधन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के सम्बन्ध में समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) आउटसोर्सिंग के मद में निवर्तन पर रखी जा रही धनराशि को व्यय किये जाने के पूर्व समय-समय पर वित्त विभाग/कार्मिक विभाग/सूक्ष्म, लघु, एवं मध्यम उद्यम विभाग/श्रम विभाग के निर्गत निर्देशों/आदेशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा तथा आवश्यकतानुसार शासन की पूर्व अनुमति प्राप्त की जायेगी।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 60,00,000 (रुपये साठ लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20232024 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 082 लेखा शीर्षक 2070001040400 सतर्कता निदेशालय मानक मद 46 कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय (2) रुपये 15,50,000 (रुपये पंद्रह लाख पचास हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20232024 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 082 लेखा शीर्षक 2070001040400 सतर्कता निदेशालय मानक मद 58 आउट सोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस 2023-231/2023 दिनांक-17 मार्च, 2023 तथा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या- 39/2023/ बी-2-755/ दस-2023-244/2023 दिनांक 07 दिसम्बर, 2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

Digitally Signed by आत्म प्रकाश पाण्डेय
Date: 28-02-2024 13:56:38
Reason: Approved

(आत्म प्रकाश पाण्डेय)
अनु सचिव

संख्या- 02/2024/1563/2023/003-15 127 2023 TC दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/महालेखाकार (आडिट) प्रथम, उत्तर प्रदेश प्रयागराज।

(2) कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

(3) वित्त (व्यय - नियंत्रण) अनुभाग- 12

(4) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2

(5) नोडल अधिकारी को शासनादेश अपलोड कराने हेतु।

(6) आदेश पुस्तिका।

(आत्म प्रकाश पाण्डेय)
अनु सचिव